सूचना और प्रसारण मंत्रालय

प्रसार भारती के साथ मनाएं नवरात्रि

त्योहारों के मौसम के लिए विशेष कार्यक्रम, लाइव कवरेज और बहुत कुछ की तैयारी

प्रविष्टि तिथि: 05 OCT 2021 5:13PM by PIB Delhi

लोगों के नवरात्रि का जश्न मनाने के लिए तैयार होने के साथ त्योहारों के मौसम की शुरुआत के उपलक्ष्य में, प्रसार भारती नेटवर्क आपके लिए विशेष कार्यक्रम, लाइव कवरेज और उत्सव के मूड को बढ़ाने के लिए बहुत कुछ ला रहा है। आपके जश्न का हिस्सा बनने के लिए दूरदर्शन और आकाशवाणी बहुत सारी आकर्षक सामग्री- भक्ति और मनोरंजन- का प्रसारण करेंगे।

पूरी नवरात्रि के दौरान, दूरदर्शन आपके लिए देश भर के विभिन्न स्थानों से दुर्गा पूजा एवं आरती का सीधा प्रसारण करेगा। इनमें कोलकाता के प्रसिद्ध 'महालया' और तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर स्वामी नवरात्रि ब्रह्मोत्सवम शामिल हैं। आप दूरदर्शन पर अयोध्या में होने वाली अयोध्या की रामलीला को लाइव भी देख सकते हैं। छह से 15 अक्टूबर तक डीडी नेशनल पर रामचरितमानस के रोजाना दो एपिसोड भी दिखाए जाएंगे।

दूरदर्शन पर नवरात्रि के विशेष कार्यक्रमों की सूची:

कार्यक्रम का नाम	**अवधि**	**समय**
आरती-छतरपुर मंदिर से सीधा प्रसारण	06 से 15 अक्टूबर, 2021	सुबह छह बजे
आरती-झंडेवालान मंदिर से सीधा प्रसारण	06 से 15 अक्टूबर, 2021	सुबह साढ़े छह बजे
कोलकाता के महालया से	06 अक्टूबर, 2021 को	सुबह सात बजे से आठ बजे तक

कनक दुर्गा देवी की कुमकुम पूजा और अलंकारम - विजयवाड़ा से सीधा प्रसारण	07 से 11 अक्टूबर, 2021	सुबह सात बजे
कोलकाता से दुर्गा पूजा का सीधा प्रसारण	12 से 15 अक्टूबर, 2021	सुबह साढ़े छह बजे से आठ बजे तक
रामचरितमानस - दो ऐपिसोड	06 से 15 अक्टूबर, 2021	सुबह आठ बजे
श्री वेंकटेश्वर स्वामी नवरात्रि ब्रह्मोत्सवम - तिरुपति से सीधा प्रसारण	08 से 15 अक्टूबर, 2021	सुबह नौ बजे
रामचरितमानस - दो ऐपिसोड	06 से 15 अक्टूबर, 2021	दोपहर दो बजे
झंडेवालान और छतरपुर मंदिर की प्रात:कालीन आरती का दोबारा प्रसारण	06 से 15 अक्टूबर, 2021	दोपहर तीन बजे
दुर्गोत्सव के अवसर पर फीचर फिल्में	08 से 15 अक्टूबर, 2021	शाम चार बजे
अयोध्या की रामलीला- अयोध्या से सीधा प्रसारण	06 से 15 अक्टूबर, 2021	शाम सात बजे से रात दस बजे तक

पूरे देश में आकाशवाणी का विशाल नेटवर्क विभिन्न स्थानों से विभिन्न नवरात्रि विशेष कवरेज और कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा। महालया के अवसर पर छह अक्टूबर को विशेष कार्यक्रम 'महिषासुर मर्दिनी' का प्रसारण हिन्दी/संस्कृत में सुबह चार बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक इंद्रप्रस्थ, एफएम गोल्ड और आकाशवाणी लाइव न्यूज 24*7 पर किया जाएगा। 'महिषासुर मर्दिनी' का बांग्ला संस्करण एफएम रेनबो नेटवर्क और राजधानी चैनल पर प्रसारित किया जाएगा।

आकाशवाणी और दूरदर्शन की ये सभी ऑडियो-विजुअल सामग्री प्रसार भारती के न्यूज ऑन ए आई आर ऐप पर उपलब्ध होगी और हमारे यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव-स्ट्रीम की जाएगी।

न्यूज ऑन ए आई आर ऐप डाउनलोड करने के लिए नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें। इसके माध्यम से दूरदर्शन और आकाशवाणी पर नवरात्रि से संबंधित सभी कार्यक्रमों और कवरेज को एक ही जगह पर देखा जा सकता है।

***

एमजी/एएम/पीके/एसके

(रिलीज़ आईडी: 1761220) आगंतुक पटल : 17

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Marathi , Punjabi , Tamil , Telugu